एफ.संख्या 18-01/सा.प्र./2018-एफएसएसएआई
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड,
नई दिल्ली - 110002

दिनांक 22 जनवरी, 2020

निविदा सूचना

एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 में केन्द्रीय वातानुकूलक द्रुतशीतक की पानी की पाइप लाइन बिछाने और बदलने के लिए निविदा आमंत्रित करना

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) चुनिंदा अनुभवी ठेकेदारों से एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली - 110002 में संस्थापित केन्द्रीय वातानुकूलन प्रणाली की प्रशीतन मीनारों के पानी के सर्कुलेशन के पुराने पाइपों को बदलने से संबंधित कार्य करने के लिए निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुपालन के साथ मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करता है।

2. निविदा दस्तावेज एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट के साथ-साथ सी.पी.पी. पोर्टल पर भी उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज यथोचित रुप से भर कर संबंधित सहायक दस्तावेज के साथ सहायक निदेशक (सा.प्र.), एफ.एस.एस.ए.आई., तृतीय तल, एफ.डी.ए. भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को संबोधित करते हुए **7 फरवरी, 2020 तक 11.30 बजे पूर्वाहन तक** अथवा इसके पहले प्रस्तुत की जा सकती हैं और उसके साथ बयाना राशि जमा (ईएमडी) के रुप में 60,000/-रुपए (मात्र साठ हजार रुपए) (बिना ब्याज के) का डिमांड ड्राफ्ट / भुगतान आदेश भी संलग्न करें। बयाना राशि जमा (ईएमडी) के प्रति डिमांड ड्राफ्ट/ भुगतान आदेश वरिष्ठ लेखा अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई के पक्ष में हो और नई दिल्ली में देय हो।

3. निविदा दस्तावेज (अहस्तांतरणीय), जिसमें विस्तृत विशिष्टियां, नियम एवं शर्तें दी गई हैं, सामान्य प्रशासन प्रभाग से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दस्तावेज एफ.एस.एस.ए.आई. की वैबसाइट: www.fssai.gov.in और अथवा सी.पी.पी. पोर्टल www.eprocure.gov.in/epublish/app के माध्यम से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

पत्र व्यवहार का पता : सहायक निदेशक (सामान्य प्रशासन), भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, तृतीय तल, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002

सहायक निदेशक(सामान्य प्रशासन)
भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण